# बिहार विधान-सभा वादवृत

## सरकारी प्रतिवेदन

(भाग १—कार्यवाही—प्रश्नोत्तर)

बुधवार, तिथि ८ अगस्त, १९७३ ।

### विषय-सूची

पृष्ठ संख्या

प्रश्नों के मौखिक उत्तर :

अल्पसूचित प्रश्नोत्तर संख्या : ... १-११

११८, १२१, १८६, १८८ एवं १९० ।

तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या : ... ११-५६

८८७, १६६१, १६६४, १६६५, १६६६, १६६७,
१७०१, १७०२, १७०३, १७०७, १७१०, १७१५,
१७१७, १७२२, १७२६, १७२९, १७३२, १७३३,
१७४४, १७४६, १७४८, १७५६, १७५७, १७५८,
१७६४, १७६६, १७६७, १७६८, १७६९, १८३०,
१८३१, १८३२, १८३३, १८३४, १८३५, १८३६
एवं १८४० ।

परिशिष्ट (प्रश्नोत्तर के लिखित उत्तर) ... ५७-१११

परिशिष्ट-२ ... ११२-११३

दैनिक निबंध ... ११५-११६

## आवास बदलना

१६९८। **श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद**—क्या मंत्री, लोक-निर्माण विभाग यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि राज्यपाल के आवास के रकवा १७५ (एक सौ पचहत्तर) एकड़ है;

(२) क्या यह बात सही है कि श्री कर्पूरी ठाकुर के नेतृत्व में बनी संविद सरकार ने निर्णय लिया कि राज्यपाल को मुख्य मंत्री के निवास बंगला में चला जाना चाहिये और राज भवन को सचिवालय में परिणत कर देना चाहिये;

(३) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार उक्त बिन्दुओं की ओर कदम उठाना चाहती है, यदि हां तो कबतक यदि नहीं तो क्यों;

**प्रभारी मंत्री, लोक निर्माण विभाग**—(१) राज्यपाल के आवास का क्षेत्रफल ७५ एकड़ है जिसमें ३३ एकड़ भूमि जन-विभाग को बोटैनिकल गार्डन के लिये हस्तान्तरित कर दिया गया है। तथा १९ एकड़ भूमि में पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का आवास है।

(२) उत्तर नकारात्मक है।

(६) प्रश्न नहीं उठता।

---

## पेंशन के भुगतान में विलम्ब

१७००। **श्री महावीर पासवान**—क्या मंत्री, लोक-निर्माण विभाग यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(१) क्या यह बात सही है कि स्व० रामलखन प्रसाद डोजर औपरेटर मैकेनिकल एल० आर० पी० लोक निर्माण विभाग चाईबासा का स्थानान्तरण मार्च १९७० में मुजफ्फरपुर किया गया था;

(२) क्या यह बात सही है कि स्व० प्रसाद को मुजफ्फरपुर जाते समय रास्ते में पटना में ही तबीयत खराब हो जाने के फलस्वरूप पी० एम० सी० एच० पटना में तिथि २१-३-७० को मृत्यु हो गई थी;